नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

मासिक रिपोर्ट (मई 2023)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

1	गतिविधि का नाम	नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम	
2	दिनांक	27 मई 2023	
3	आयोजक	एंटी ड्रग सेल, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय	
4	सहयोग	एम. बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी	
5	गतिविधि का स्थान	ऑनलाइन	
6	गतिविधि का प्रकार	जागरूकता सेमिनार	
7	गतिविधि के उद्देश्य	1. नशे की रोकथाम में परिवार की भूमिका 2. नशे से संबंधित मनोवैज्ञानिक व सामाजिक पक्षों की जानाकारी	
8	प्रतिभागी	विद्यार्थी	संकाय
		45	10
9	संग्लग्नक	1.रिपोर्ट 2.छायाचित्र	

रिपोर्ट

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की एंटी ड्रग सेल तथा एम. बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी के मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास द्वारा दिनांक 27 मई 2023 को राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठों की संलग्नकता-एक नशा मुक्त समाज की ओर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफे.अब्दुल मजीद खान, अध्यक्ष, (AGI) एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, समाज विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे| उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्त्तमान में हमारा समाज माइक्रो न्युकिलर फॅमिली की ओर ओर बढ़ने लगा है जिसमें पति पत्नी अलग- अलग स्थान पर रहकर नौकरी कर रहें हैं जिसकी वजह से बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं साथ ही परिवार में बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान कम होने की वजह से बच्चे बड़े बुजुर्गों दूरी बनाए हुए हैं जिसका परिणाम है कि बच्चे अपने संस्कारों व बुजुर्गों के अनुभवों से वंचित हो रहें हैं और पीयर प्रेसर में आकर नशे जैसी बुरी आदतों को अपना रहे हैं उन्होंने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी संबंधी कार्यों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया उनके द्वारा बोला कि देश व समाज में हो रहे गलत कार्यों के लिये प्रश्न पूछा जाने चाहिए| प्राचार्य, एम. बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी ने नशा उन्मूलन संबंधी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिये मनोवैज्ञानिकों को आगे आगे की जरुरत बताई साथ ही समुदाय को भी अपने साथ जोड़ने की बात कही| कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पांडे, निदेशक,समाज विज्ञान विद्याशाखा (उ.मु.वि.) द्वारा की गयी| कार्यक्रम संचालन डॉ. नवल किशोर एवं डॉ. रेखा जोशी ने संयुक्त रूप से किया| इस मौके पर एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी एवं कुलसचिव (उ.मु.वि.) प्रोफेसर रश्मि पंत, एम. बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी के मनोविज्ञान विभाग की समन्वयक डॉ. किरन कर्नाटक, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की समन्वयक डॉ.सीता, उत्तराखंड

मुक्त विश्वविद्यालय तथा एम. बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी के सहायक प्राध्यापक डॉ. कमला, डॉ. मीना, डॉ. रेनू जलाल, डॉ. रूचि तिवारी, डॉ. दीपक,डॉ भाग्यश्री जोशी, सुश्री विनीता पन्त, रेडियो संचालिका श्रीमती सुनीता भट्ट, छात्र-छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 90 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया|

छायाचित्र